मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 212, मुंबई, मंगलवार, 5 नवंबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




महाराष्ट्र में राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदल रहे हैं। सरकार गठन को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और एनसीपी प्रमुख शरद पवार के बीच मुलाकात हुई। सोनिया से मिलने के बाद शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक हालात के बारे में बताया।

## शरद पवार बोले, हमें विपक्ष में बैठने का...
# जनादेश
### शिवसेना से कोई बात नहीं हुई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदल रहे हैं। सरकार गठन को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और एनसीपी प्रमुख शरद पवार के बीच मुलाकात हुई। सोनिया से मिलने के बाद शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक हालात के बारे में बताया। (शेष पृष्ठ 5 पर)

# पीएमसी बैंक
## खाताधारकों को राहत नहीं
### आरबीआई को हलफनामा दायर करने का आदेश



**मुंबई।** पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को हलफनामा दायर करने के लिए कहा है। इस हलफनामा में आरबीआई को खाताधारकों के हितों की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देनी होगी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

# राज्यपाल से मिले शिवसेना नेता
## संजय राउत ने कहा- सरकार बनाने में हम रोड़ा नहीं



**बीजेपी ने कहा है कि वह सीएम पद पर समझौता नहीं करेगी, पोर्टफोलियो बंटवारे पर हो सकता है विचार**


**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और शिवसेना के बीच खींचतान जारी है। इस बीच शिवसेना की ओर से संजय राउत और रामदास कदम ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद संजय राउत ने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार बने, किसी की भी सरकार बनने में शिवसेना रोड़ा नहीं है। संजय राउत ने कहा, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी काफी अनुभवी व्यक्ति हैं और वह पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। हमने उनसे बातचीत में कई विषयों पर चर्चा की। (शेष पृष्ठ 5 पर)

॥ शुभ लाभ ॥
MIX MITHAI



• मोतीचूर लड्डू • काजू कतरी • काजू रोल
• बदाम बर्फी • मलाई पेड़े • रसगुल्ले
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501

# पुणे-मुंबई हाईवे पर बस खाई में गिरी
## 5 यात्रियों की मौत, 25 से ज्यादा जख्मी



मुंबई। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक बस 60 फीट गहरी खाई के पास दुर्घटना का शिकार हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घटना ओल्ड हाइवे पर खंडाला के पास अमृतंजन पुल पर सोमवार तड़के हुई। हादसे का शिकार हुई प्राइवेट बस मुंबई जा रही थी और इसमें कई यात्री सवार थे। घटना के पीछे की वजह अभी पता नहीं चला है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### अलर्ट मोटरमैन ने बचाई यात्री की जान

**मुंबई।** शनिवार को मध्य रेलवे पर पटरियों के करीब घायल पड़े यात्री को एक मोटरमैन ने ट्रेन रोककर नजदीकी स्टेशन तक पहुंचाया। इससे घायल व्यक्ति की जान बच गई। बताया जा रहा है कि वह यात्री ट्रेन से गिर गया था। रेलवे के अनुसार, 21 वर्षीय पंकज राय शाम को अपने घर जा रहा था। वह कल्याण रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ और फुट बोर्ड के किनारे खड़ा हो गया था। उल्हासनगर और अंबरनाथ स्टेशन के बीच पहुंची, उसका संतुलन बिगड़ा और वह ट्रेन से गिर गया। इस बीच एक अन्य उपनगरीय ट्रेन के मोटरमैन प्रवीण कटियार ने राय को पटरियों के पास पड़े हुए देखा और तुरंत ट्रेन रोकी। उन्होंने ट्रेन के गार्ड को सूचित किया और कुछ यात्रियों की मदद से राय को ट्रेन के डिब्बे में बिठाया। कटियार ने घटना के बारे में अंबरनाथ स्टेशन मास्टर को सूचित किया। जब ट्रेन अंबरनाथ पहुंची, स्टेशन मास्टर ने रेलवे पुलिस और हमाल की मदद से राय को उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे बाद में मुंबई के जेजे अस्पताल भेज दिया गया।

### महाराष्ट्र में चक्रवात महा से भारी बारिश की आशंका

**मुंबई।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि चक्रवाती तूफान 'महा' के कारण छह से आठ नवंबर के दौरान महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं। राज्य के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा है कि उत्तर कोंकण और उत्तर मध्य महाराष्ट्र के इलाकों में 6 नवंबर से 8 नवंबर तक भारी बारिश होगी।बयान के अनुसार मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह देने के साथ-साथ सभी जिला कलेक्टरों को 'महा' के मद्देनजर तैयारियों का निर्देश दिया गया है।

### पुलिस कस्टडी में मौतः परिवार को इंतजार, विजय सिंह के कातिल कब होंगे गिरफ्तार

**मुंबई।** वडाला ट्रक टर्मिनस पुलिस थाने में 28 वर्षीय विजय सिंह की पुलिस हिरासत में कथित मौत मामले में प्रशासनिक लीपा-पोती और लापरवाही से नाराज विजय के परिजन ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विजय के पिता हृदय नारायण सिंह ने कहा कि उनका बेटा निर्दोष है और पुलिसकर्मियों ने उसकी हत्या कर दी है। उन्होंने मांग की है कि विजय की हत्या के पीछे जिन-जिन पुलिसकर्मियों या बदमाशों का हाथ है, उन सबके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हो।

सबको जेल भेजा जाए और सिर्फ निलंबन कर खानापूर्ति न हो। इस मामले में आरोपी प्रेमी जोड़े और उसका साथ देने वाले उसके दोस्तों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर गिरफ्तार की जाए। सिंह ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरोपी लड़की और उसका दोस्त दशरथ को पुलिस जान-बूझकर गिरफ्तार नहीं कर रही है।

गौरतलब है कि प्रशासन के हस्तक्षेप एवं कानून-व्यवस्था खराब होने का हवाला देकर पुलिसकर्मियों ने सिंह के परिजन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द करने का दबाव बनाया। उन्हें वडाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करने दी, जिसके बाद अंधेरी के एमआईडीसी में एक अज्ञात जगह पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस दौरान सिंह के साथ वकील विनय नायर और विजय के पिता और रिश्तेदार निर्मल सिंह मीडिया से मुखातिब हुए। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों ने विजय सिंह के परिजन के आरोप खारिज कर दिए। गौरतलब है कि इस मामले की जांच महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग कर रहा है। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी अब्दुल रहमान के नेतृत्व में यह जांच की जा रही है।

# सीएम पद नहीं छोड़ेगी, लेकिन शिवसेना को ज्यादा मंत्रालय दे सकती है बीजेपी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीजेपी अपने सहयोगी दल शिवसेना को अहम मंत्रालय न देने के स्टैंड से पीछे हट सकती है। बीजेपी ने इससे पहले दावा किया था कि वह गृह, शहरी विकास और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय शिवसेना को नहीं देगी। हालांकि, शिवसेना के अड़ियल रवैये को देखकर वह इनमें से कुछ पोर्टफोलियो छोड़ने पर विचार कर रही है। बीजेपी ने पहले संकेत दिया था कि वह राजस्व विभाग शिवसेना को दे सकती है। हालांकि, अब वह उद्धव ठाकरे की पार्टी को एक या दो अन्य विभाग भी देने के लिए राजी हो सकती है, जो पिछली बार बीजेपी के पास थे।



बीजेपी के एक नेता ने बताया, राजस्व के साथ हम वित्त विभाग भी दे सकते हैं, लेकिन यह आखिरी फैसला नहीं है। हालांकि, बीजेपी नेता ने यह भी साफ किया कि मुख्यमंत्री सहित गृह और शहरी विकास मंत्रालय सेना को नहीं दिए जाएंगे। शिवसेना ने बीजेपी को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने से मना कर दिया था, जिसके बाद देवेंद्र फडणवीस की अगुआई वाले दल ने अपना रुख नरम किया है।

बीजेपी मौके की नजाकत को भी समझ रही है क्योंकि पिछली सरकार का कार्यकाल पांच दिनों में खत्म हो रहा है। इसलिए वह शिवसेना के साथ समझौते में जल्दबाजी दिखा रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार को बेमौसम भारी बारिश से प्रभावित खेतों का दौरा कर रहे थे। उन्होंने साफ किया कि क्यों नई सरकार का जल्द शपथ लेना जरूरी है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सरकार बनाने का मसला जल्द हल हो जाएगा। एक अस्थायी सरकार पर बेमौसम बारिश की मार झेल रहे किसानों की कितनी मदद कर पाएगी? नई सरकार के जल्द गठन में ही किसानों और राज्य का हित है।

शिवसेना प्रमुख ने कहा, इसे लोकसभा और राज्यसभा में पेश ही नहीं किया गया। इस सौदे के बारे में पूरे देश को पता होने के बाद ही समझौते पर हस्ताक्षर होना चाहिए। मुंबई में शिवसेना के सांसद संजय राउत ने सवाल उठाया कि गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ सौदेबाजी में क्यों शामिल नहीं हैं? उन्होंने कहा, ह्यमहाराष्ट्र के मुकाबले हरियाणा छोटा राज्य था, लेकिन अमित शाह ने वहां सरकार गठन में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। महाराष्ट्र में सरकार बनाने की प्रक्रिया से उनका दूर रहना रहस्यमयी लगता है।

# शरद पवार ने सेट किया अपना अगला अजेंडा

**मुंबई।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने हालिया विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद अपना नया राजनीतिक अजेंडा सेट कर लिया है। उन्होंने कहा कि वह प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाले वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) को समर्थन देने वाले समाज के विभिन्न वर्गों को वापस अपने साथ लाने के लिए काम करेंगे। पवार ने यह बात एनसीपी के पराजित उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए कही।

रविवार को मुंबई में एनसीपी के पराजित उम्मीदवारों की हौसला आफजाई करने के लिए, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनके साथ बैठक की। बैठक में नेताओं ने पराजित उम्मीदवारों से बात के लिए, तारीफ की उन्होंने चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी। इस बैठक में पवार ने स्वीकार किया कि वीबीए ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में उनकी पार्टी की उम्मीदों पर पानी फेरा।

पवार ने कहा कि हाल तक वीबीए का मताधार एनसीपी से जुड़ा था। उन्होंने दावा किया कि युवाओं, किसानों और



अल्पसंख्यकों ने राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को वोट दिया।

उन्होंने कहा कि इस साल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान दलितों और मुसलमानों ने वीबीए को समर्थन दिया, लेकिन पिछले महीने हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुसलमानों ने वीबीए को समर्थन नहीं दिया।

### कनौजिया हत्याकांडः फरार आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** घर के आगे पेशाब करने से मना करने पर 40 वर्षीय उर्मिला कनौजिया पर जानलेवा हमला करने और 48 वर्षीय नंदलाल कनौजिया की हत्या करने के मामले में मालाड पुलिस ने फरार चल रहे 35 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मालाड पुलिस के अनुसार, आरोपी अनिल मिश्र पुलिस की गिरफ्त में है। उसको अंधेरी के शास्त्री नगर से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी मुख्य आरोपी अमित सौरव अब भी फरार चल रहा है। घटना 31 अक्टूबर की है।

# आरपीएफ ने लौटाया 3.5 लाख रुपये के गहनों से भरा पर्स

**मुंबई।** रत्नागिरी की रहने वाली मीनल इंदूलकर मुंबई में भाईदूज मनाने आई थी लेकिन यहां की भीड़ उसके लिए वरदान साबित हुई। भीड़ भरे दादर स्टेशन पर पर्स में लाखों रुपये के गहने भूलने के बावजूद भीड़ ने ही उसे खोया हुआ पर्स लौटाने में मदद की। आरपीएफ की मदद से मीनल को उसका खोया हुआ पर्स सही सलामत मिल गया। 2 नवंबर को दादर स्टेशन पर मीनल इंदूलकर अपने पति के साथ ट्रेन का इंतजार कर रही थीं। उन्हें भाईदूज मनाने के बाद वापस रत्नागिरी जाना था।

मीनल ने कहा कि उन्हें यहां की भीड़ से घबराहट होती है। मीनल ने बताया कि जब मध्य रेलवे के दादर स्टेशन पर प्लैटफॉर्म 8 पर दादर-रत्नागिरी ट्रेन पहुंची तो वह और उनके पति ट्रेन में जगह बनाने के लिए आनन-फानन में चढ़ गए लेकिन अपना सामान प्लैटफॉर्म की सीढ़ियों के पास भूल गए। मीनल ने बताया कि ट्रेन में सवार होने के बाद उसे होश आया, तो तत्काल ही अपने पति के साथ ट्रेन से उतर गई।

दूसरी ओर सीढ़ियों के पास लावारिस पर्स देखकर यात्रियों ने आस-पास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। जब कोई पर्स का मालिक नहीं मिला, तो यात्रियों ने आरपीएफ को सूचित किया। दादर आरपीएफ के विनीत कुमार सिंह ने बताया कि पर्स चौकी पर लाने के कुछ ही देर बाद मीनल घबराई हुई चौकी पर आई। उन्होंने सारा घटनाक्रम आरपीएफ को बताया। मीनल द्वारा दी गई निशानदेही के आधार पर सामान का मिलान किया गया।

इसमें सोने के आभूषणों सहित करीब 3,50,000 रुपये कीमत का सामान था। मीनल ने सामान सही सलामत मिलने के बाद आरपीएफ और यात्रियों का शुक्रिया अदा किया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# हादसे का शिकार हुई बस, 5 की मौत

## पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर खंडाला के पास हुआ हादसा

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक बस 60 फीट गहरी खाई के पास दुर्घटना का शिकार हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घटना ओल्ड हाइवे पर खंडाला के पास अमृतंजन पुल पर सोमवार तड़के हुई। हादसे का शिकार हुई प्राइवेट बस मुंबई जा रही थी और इसमें कई यात्री सवार थे।

घटना के पीछे की वजह अभी पता नहीं चला है। हालांकि माना जा रहा है कि ड्राइवर का बस पर से नियंत्रण छूट गया जिस कारण हादसा हुआ। घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान सचिन थोराट, स्नेहा जनार्दन पाटिल, जनार्दन पाटिल और संजय शिवाजी के रूप में हुई है।

घटना के कारण स्टेट ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ियों की अधिकतम स्पीड लिमिट 120 से घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटा कर दी है। इससे पहले एक नोटिफिकेशन में जानकारी दी गई थी कि 30% जानलेवा हादसे ओवरस्पीडिंग के कारण होते हैं। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे ऐसे कई हादसे हुए हैं।



# 7 नवंबर तक किसी ने दावा पेश नहीं किया तो पार्टियों से सलाह करेंगे राज्यपाल: आठवले

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में यदि किसी भी पार्टी ने 7 नवंबर तक सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया तो राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी राजनीतिक दलों के साथ सलाह मशविरा शुरू करेंगे। आठवले ने कहा कि राज्यपाल ने उनके नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल को शनिवार शाम को बताया कि वह किसी पार्टी या पार्टियों द्वारा राज्य में अगली सरकार बनाने के लिए दावा पेश किए जाने का इंतजार कर रहे हैं।



बताते चलें कि महाराष्ट्र की वर्तमान 13वीं विधानसभा का कार्यकाल 9 नवंबर को समाप्त हो रहा है। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए हाल में हुए चुनाव में बीजेपी ने 105 सीटें और उसकी सहयोगी शिवसेना ने 56 सीटें जीती थीं। दोनों पार्टियों में मुख्यमंत्री पद के बंटवारे को लेकर खींचतान चल रही है और दोनों ने सरकार गठन को लेकर अभी तक कोई बातचीत नहीं की है।

आठवले ने कहा, राज्यपाल 7 नवंबर तक इंतजार करेंगे और देखेंगे कि कोई दावा पेश करे, इसके बाद वह राज्य में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक दलों के साथ सलाह मशविरा शुरू करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को बीजेपी के अन्य सहयोगी दलों के साथ राज्यपाल से मुलाकात की थी और उनसे बीजेपी को राज्य में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने का अनुरोध किया था।

आठवले के साथ राज्य के मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) नेता अविनाश महातेकर, स्वाभिमान पक्ष के सदाभाऊ खोट और राष्ट्रीय समाज पक्ष के महादेव जानकार भी थे।

# बार में छापेमारी, 48 गिरफ्तार



**मुंबई।** तिलक नगर इलाके में रविवार तड़के एक ऑर्केस्ट्रा बार पर मुंबई पुलिस की समाज सेवा शाखा ने छापा मारा। इस कार्रवाई में 36 ग्राहकों समेत 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सामाजिक सेवा शाखा के डीसीपी शिवदीप लांडे ने बताया कि हमें चार लड़कियां डांस करती हुई मिलीं। हमने 36 ग्राहकों, मैनेजर और कैशियर समेत 48 लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित कानूनों की धाराओं में तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से बार में काम करने वाली 4 लड़कियों को भी मुक्त कराया है।

# अब आम नागरिकों को भी मिलेगा रेलवे अस्पतालों में इलाज

मुंबई। रेल मंत्रालय और नैशनल हेल्थ अथॉरिटी ने एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीने वालों को अब रेलवे के अस्पतालों में इलाज मिल सकेगा। इससे पहले रेलवे अस्पतालों में केवल रेलकर्मियों और उनके परिजन को इलाज मिलता था। 1 नवंबर को रेलवे बोर्ड की ओर से सभी जोन के महाप्रबंधकों को इस योजना को लागू करने के संबंधित निर्देश दिए गए हैं।

रेलमंत्री पीयूष गोयल ने 30 अक्टूबर को पीएम-जय के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान कई लोगों को रेलवे और एनएचए के बीच में हुए करार की जानकारी नहीं थी। इसके बाद बोर्ड की ओर से सभी महाप्रबंधकों को निर्देश भेजा गया कि पीएम-जय के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी प्रेषित की जाए। निर्देश में यह भी लिखा है कि स्टेशनों पर घोषणा कर इसकी जानकारी दी जाए। विज्ञापन लगाए जाएं, ताकि गरीबी रेखा के नीचे जीने वाले मरीजों को लाभ मिल सके। मध्य रेलवे के पास कल्याण और भायखला में कुल दो और पश्चिम रेलवे के पास मुंबई सेंट्रल पर एक रेलवे अस्पताल हैं। मुंबई के इन तीन रेलवे अस्पतालों में रोजाना हजारों रेलकर्मियों का इलाज होता है। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई के रेलवे अस्पतालों में अत्याधुनिक सुविधा होने के कारण राज्यभर से रेलकर्मी इलाज के लिए आते हैं। कई बार वेटिंग में रहना पड़ता है, ऐसे में पीएम-जय के मरीजों को इलाज देने के लिए अतिरिक्त दबाव होगा। अधिकारी ने बताया कि ढट-खउअ के मरीजों के लिए कुछ बिस्तर आरक्षित रखे जाएंगे।

# सामान्य मरीजों के लिए कैजुएलिटी के द्वार बंद

मुंबई। बीएमसी के केईएम अस्पतालों की कैजुएलिटी (आपातकाल विभाग) में केवल इमर्जेंसी इलाज दिया जाएगा। यहां सर्दी, जुकाम सहित सामान्य शारीरिक समस्याओं का इलाज नहीं किया जाएगा। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, आपतकाल के दौरान मरीजों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए अब कैजुएलिटी में केवल इमर्जेंसी मरीजों को ही देखा जाएगा।

अस्पतालों के कैजुएलिटी विभाग में कई बार सामान्य मरीजों के कारण वहां काफी भीड़ बढ़ जाती है। इसके कारण इमर्जेंसी में आए मरीजों को मुसीबतों का सामने करने सहित कई बार इलाज के लिए इंतजार करना पड़ जाता है। बीएमसी प्रमुख अस्पतालों के निदेशक डॉ. रमेश भारमल ने कहा कि इमर्जेंसी में आने वाले मरीजों को त्वरित उपचार की जरूरत होती है। ऐक्सिडेंटल केसेज में तो मरीजों को तुरंत स्टेबलाइज करना बेहद आवश्यक होता है। लेकिन कई बार सामान्य मरीजों की भीड़ होने के कारण ऐसा करने में दिक्कत होती है। ऐसे में अब केईएम अस्पताल के कैजुएलिटी विभाग में केवल उन मरीजों को देखा जाएगा, जिन्हें तत्काल इलाज की जरूरत होगी। इससे न केवल गोल्डन ऑवर में मरीजों को निर्बाध सेवा मिलेगी, बल्कि इलाज में भी काफी सहूलियत मिलेगी।

# किसानों को किसी भी कीमत पर बचाने की जरूरत है : शिवसेना

**मुम्बई।** शिवसेना ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर जारी खींचतान के बीच बारिश प्रभावित किसानों को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही पार्टी ने किसानों को लगभग 30,000 करोड़ रुपये का राहत पैकेज प्रदान किए जाने की मांग की। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा कि किसानों को किसी भी कीमत पर बचाए जाने की जरूरत है। साथ ही उसने बेमौसम बारिश के कारण नष्ट हुई फसलों के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित 10,000 करोड़ रुपए की सहायता को अपर्याप्त बताया। उसने कहा कि देश पहले ही आर्थिक नरमी का सामना कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप लाखों लोग बेरोजगार हुए हैं और ऐसे समय में जो खेती पर निर्भर हैं वे बेमौसम बारिश की मार झेल रहे हैं। शिवसेना का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य में सरकार गठन को लेकर सहयोगी दल भाजपा के साथ उसकी खींचतान जारी है। उसने कहा, महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश की मार झेल रहे किसानों को उनके हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता। संपादकीय में कहा गया है कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की मदद करना होना चाहिए।

# मुंबईकरों के लिए गुड न्यूज, जल्द मिलेंगी चीनी मोनो

**मुंबई।** मुंबईकर जल्द ही चीनी मोनो ट्रेन में सफर करते नजर आएंगे। कम रेक की समस्या से जूझ रहे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने मोनो के नए रेक खरीदने का निर्णय लिया है। मोनो के 10 नए रेक खरीदने के लिए प्राधिकरण ने कुछ दिनों पहले वैश्विक निविदा जारी की थी।

प्राधिकरण अधिकारी के अनुसार इसके लिए चीन की दो कंपनियों सीआरआरसी कॉर्पोरेशन लिमिटेड और बीवाईडी ने निविदा भरी है। आगामी कुछ दिनों में निविदा खोली जाएगी। कंपनी को मोनो रेक की सप्लाई का ठेका मिलने के बाद 15 महीनों में मोनो के 10 रेक मुंबई पहुंच जाएंगे। फिलहाल एक



कोच की अनुमानित लागत 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

मौजूदा समय में चेंबूर से संत गाडगे महाराज चौक के बीच मोनो रेल का संचालन हो रहा है। रेक की कमी की वजह से लोगों को 20 मिनट तक इंतजार में स्टेशन पर खड़े रहना पड़ता है। प्राधिकरण के पास अभी मोनो के 5 रेक हैं। इसमें से 4 रेक का इस्तेमाल यात्रियों की सेवा के लिए किया जा रहा हैं, जबकि एक रेक आपातस्थिति के लिए रखा गया है। नई ट्रेन आने के बाद लोगों को ट्रेन के इंतजार के लिए स्टेशन पर रुकना नहीं पड़ेगा। इसके बाद हर 15 मिनट पर मोनो रेल की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

फिलहाल मुंबई में मोनो के जो रेक चल रहे हैं, वे मलेशियाई इन्फ्रास्ट्रक्चर फर्म स्कोमी इंजीनियरिंग और लार्सन एंड टूब्रो द्वारा निर्मित हैं। मोनो का ठीक तरीके से रखरखाव नहीं करने और समय पर रेक की सप्लाई नहीं करने पर प्राधिकरण ने स्कोमी कंपनी से करार तोड़ दिया था।

# व्हॉट्सएप जासूसी मुद्दे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाये: राकांपा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने इजरायली स्पाईवेयर 'पेगासस' का इस्तेमाल करके व्हॉट्सएप के जरिये देश में कुछ लोगों की अवैध रूप से जासूसी किये जाने की जांच के लिए एसआईटी का गठन करने की सोमवार को मांग की और केन्द्र से इस संबंध में एक श्वेत पत्र प्रकाशित करने को कहा। गत 31 अक्टूबर को फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी व्हॉट्सएप ने कहा था कि इजराइली स्पाईवेयर 'पेगासस' के जरिये कुछ अज्ञात इकाइयां वैश्विक स्तर पर जासूसी कर रही हैं। भारतीय पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी इस जासूसी का शिकार बने हैं। राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, इजरायली कंपनी एनएसओ (जिसने पेगासस विकसित



किया है) को देश में कुछ लोगों की जासूसी करने के लिए लगाया गया था। यह चिंताजनक बात है। केन्द्रीय मंत्री (संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी) रविशंकर प्रसाद को जासूसी के आरोपों पर कुछ और प्रकाश डालना चाहिए। पाटिल ने दावा किया कि फेसबुक ने स्वीकार किया है कि करीब 40 लोग जासूसी के शिकार हुए हैं जिनमें से 14 महाराष्ट्र के हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र को आगे आना चाहिए और इस तरह से निशाना बनाये गये लोगों के नाम जारी करने चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सूची सीमित है और लोगों की जासूसी की गई हो सकती है। उन्होंने पूछा, सूची पहले ही केंद्र को भेज दी गई थी, और अब इसकी घोषणा की जानी चाहिए। यह निजता के लिए खतरा है।

## भाजपा नेता महाराष्ट्र में दोबारा चुनाव कराने के पक्ष में: मंत्री

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर जारी गतिरोध के बीच भाजपा के एक निवर्तमान मंत्री ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता चाहते हैं कि राज्य में दोबारा चुनाव हो। भाजपा की गठबंधन सहयोगी शिवसेना मुख्यमंत्री पद को लेकर अड़ी है और इस कारण राज्य में सरकार गठन की दिशा में गतिरोध लगातार बना हुआ है। भाजपा खुद का मुख्यमंत्री चाहती है। महाराष्ट्र के निवर्तमान पर्यटन मंत्री जयकुमार रावल ने एक टीवी चैनल से कहा कि भाजपा नेताओं ने राज्य में दोबारा चुनाव कराने की अपनी इच्छा धुले में रविवार को एक समीक्षा बैठक में व्यक्त की। निवर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाने वाले रावल ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को शिवसेना के साथ गठबंधन नहीं करना चाहिए था...हमें एक बार फिर अवसर दें, हम दोबारा लड़ेंगे और इस बार जीतेंगे। रावल ने कहा कि धुले में आयोजित बैठक में अनेक भाजपा नेता, कार्यकर्ता और हालिया विधानसभा चुनाव में लड़ने वाले उम्मीदवार शामिल हुए। मंत्री ने कहा, उनमें से कई नाराज हैं क्योंकि शिवसेना से गठबंधन के चलते हम कुछ सीटों पर नहीं लड़ पाए और कुछ क्षेत्रों में मामूली अंतर से हार गए। हालिया चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिल पाया। भाजपा को सबसे ज्यादा 105 सीट मिली, जबकि उसकी गठबंधन सहयोगी शिवसेना 56 सीटों पर विजयी रही। महाराष्ट्र की 13वीं विधानसभा का कार्यकाल नौ नवंबर को पूरा हो रहा है।

## आरे में फिर तेज हुआ प्रदर्शन

**मुंबई के लंग्स माने जाने वाले आरे कॉलोनी को लेकर फिर से प्रदर्शन तेज होने लगा है। रविवार की सुबह बड़ी संख्या में पर्यावरणप्रेमियों ने आरे कॉलोनी में जाकर प्रदर्शन किया।**

**संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के लंग्स माने जाने वाले आरे कॉलोनी को लेकर फिर से प्रदर्शन तेज होने लगा है। रविवार की सुबह बड़ी संख्या में पर्यावरणप्रेमियों ने आरे कॉलोनी में जाकर प्रदर्शन किया। साथ ही लोगों से आरे को बचाने के लिए आगे आने की अपील की। रविवार को मेगा ब्लॉक होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में युवाओं ने आरे कॉलोनी के पिकनिक प्वाइंट पर इकट्ठा होकर न केवल प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया बल्कि वहां से आने-जाने वाले लोगों को पर्यावरण संरक्षण




के बारे में जागरूक भी किया। प्रदर्शनकारियों में शामिल हर्षद ने बताया कि हम शांतिपूर्ण तरीके से वहां (आरे कॉलोनी) खड़े थे, बावजूद इसके पुलिस हमें न केवल वहां से चले जाने को कहती रही, बल्कि जेल में डालने की भी धमकी दी। पर्यावरण प्रेमी और आरे मामले को कोर्ट में ले जाने वाले जोरू बाथेना ने कहा कि एक रविवार को छोड़कर पिछले कई रविवार से लगातार लोग आरे में इकट्ठा होते हैं और इसे बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि इसके लिए न तो कोई संस्था है न ही कोई असोसिएशन- बावजूद इसके हर रविवार को बड़ी संख्या में लोग वहां इकट्ठा हो जाते हैं। आरे को बचाने के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। बता दें कि फिलहाल आरे में पेड़ों की कटाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। इसकी अगली सुनवाई 15 नवंबर को होनी है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**हमें विपक्ष में बैठने का जनादेश...**

शिवसेना को समर्थन देने के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हमें आगे कैसे बढ़ना है, इसपर चर्चा हुई। जिनके पास नंबर है वो सरकार बनाए। पवार ने कहा सरकार बनाने के लिए हमारे पास पर्याप्त संख्या नहीं। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि बीजेपी और शिवसेना दोनों मजबूत सहयोगी रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन नहीं चाहते। वहीं जब पवार से पूछा गया कि क्या वह शिवसेना के सीएम का समर्थन करेंगे। इसपर एनसीपी प्रमुख ने कहा कि जब हमसे कोई पूछने नहीं आया तो हम क्या कहें। हमसे कोई पूछे तो सही। शरद पवार ने ये भी साफ कर दिया कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों ने हमें विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। न तो हमने शिवसेना से बात की है और न ही उन्होंने हमसे। महाराष्ट्र में सियासी घटनाक्रम पिछले 24 घंटे में बड़ी तेजी से बदला है। सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब भाजपा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से बातचीत करने और पांच निर्दलीय विधायकों और एक क्षेत्रीय पार्टी के विधायक से समर्थन लेने के लिए पिछले दरवाजे खोल दिए हैं। सोमवार को शिवसेना नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के राज्यपाल से राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को राज्य के घटनाक्रम की जानकारी दी। बैठक के बाद राउत ने कहा कि प्रदेश में अगर सरकार नहीं बन पा रही है तो इसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। शिवसेना कहीं भी रोड़ा नहीं बन रही है। उन्होंने कहा कि जिसके पास बहुमत होगा वह सरकार बनाएगा। हालांकि वह चुनाव पूर्व से अपनी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही रस्साकशी को लेकर खुलकर कुछ भी बोलने से बचते रहे। गौरतलब है कि चुनाव के पूर्व से ही दोनों गठबंधन सहयोगियों के बीच रार चल रही है। शिवसेना 50-50 के फॉर्मूले पर अड़ी हुई है, वहीं भाजपा ने भी साफ कर दिया है कि मुख्यमंत्री उसी का होगा।

**राज्यपाल से मिले शिवसेना नेता**

हमने उनसे यह भी बताया कि जिसके पास भी संख्या हो वह सरकार बनाए, हम किसी भी प्रकार से रोड़ा नहीं हैं।' राउत ने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि महाराष्ट्र में सरकार बने। वहीं, बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अभी वेट औंर वॉच की पोजिशन में है और इंतजार कर रही है। बीजेपी अभी भी शिवसेना से चर्चा को तैयार है। हालांकि, बीजेपी की ओर से इतना तय है कि सीएम पद पर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। बीजेपी मंत्रिमंडल में पोर्टफोलियो के बंटवारे पर चर्चा हो सकती है। गौरतलब है कि 24 अक्टूबर को चुनाव नतीजे आने के बावजूद अभी तक किसी भी पार्टी ने सरकार बनाने का दावा नहीं पेश किया है। शिवसेना मुख्यमंत्री पद के लिए अड़ी हुई है और बीजेपी सीएम पद देना नहीं चाहती है। सीएम फडणवीस ने सोमवार को दिल्ली जाकर बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात भी की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि बीजेपी जल्द ही सरकार बनाएगी।

**पुणे-मुंबई हाईवे पर बस खाई में गिरी**

हालांकि माना जा रहा है कि ड्राइवर का बस पर से नियंत्रण छूट गया जिस कारण हादसा हुआ। घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान सचिन थोराट, स्नेहा जनार्दन पाटिल, जनार्दन पाटिल और संजय शिवाजी के रूप में हुई है। घटना के कारण स्टेट ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ियों की अधिकतम स्पीड लिमिट 120 से घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटा कर दी है। इससे पहले एक नोटिफिकेशन में जानकारी दी गई थी कि 30% जानलेवा हादसे ओवरस्पीडिंग के कारण होते हैं। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे ऐसे कई हादसे हुए हैं।

**पीएमसी बैंक...**

कोर्ट ने आरबीआई से 13 नवंबर तक हलफनामा दायर करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई आरबीआई की ओर से हलफनामा दायर करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के बाद 19 नवंबर को होगी। हालांकि, कोर्ट ने खाताधारकों को फौरी राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आरबीआई के हलफनामे में यदि रिजनेबल कारण बताया जाता है, तो वह हस्तक्षेप नहीं करेगा। गौरतलब है कि पीएमसी बैंक संकट सामने आने के बाद खाताधारकों में भय व्याप्त है। निकासी पर लगाए प्रतिबंधों के बाद इस बैंक में रखी अपनी जमा पूंजी वापस पाने में हो रही मुश्किलों से जूझते खाताधारकों ने मुंबई स्थित आरबीआई दफ्तर के बाहर भी प्रदर्शन किया। दशहरे के बाद दीपावली और भैया दूज भी दफ्तर के बाहर सड़क पर मनाया। अपनी जीवन भर की कमाई को लेकर चिंतित खाताधारकों ने प्रदर्शन के दौरान पहुंचे किरीट सोमैया को खदेड़ दिया था। खाताधारकों का कहना था कि उन्हें आश्वासन नहीं, नतीजे चाहिए। लोगों ने बगैर किसी का नाम लिए इस पूरे मामले में नेताओं की संलिप्तता का भी आरोप लगाया था।

# दिल्ली में प्रदूषण: सुप्रीम कोर्ट ने कहा- लोग मर रहे हैं, क्योंकि जिम्मेदार लोगों की दिलचस्पी सिर्फ तिकड़मबाजी में है

**दिल्ली-एनसीआर** में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्य और केंद्र सरकारों पर तल्ख टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोग मर रहे हैं और ज्यादा लोग मारे जाएंगे, लेकिन शासन में बैठे लोग केवल तिकड़मबाजी में दिलचस्पी रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य, तोड़फोड़ पर लगा प्रतिबंध तोड़ने वालों पर एक लाख रु. और कचरा जलाने वालों पर 5 हजार रु. जुमार्ना लगाया जाए। नगर निगम खुले में कूड़ा डालने पर भी नजर रखें। दिल्ली और केंद्र सरकार एक-दूसरे पर आरोप लगाने की बजाय तुरंत कदम उठाएं। अदालत ने 6 नवंबर को उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के मुख्य सचिवों को तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिए कि 30 मिनट के भीतर पर्यावरण विशेषज्ञों को कोर्ट में बुलाया जाए। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को भी हवा की गुणवत्ता में सुधार नजर नहीं आया।



गुड़गांव में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 800 से ज्यादा दर्ज हुआ। यह सीजन में सबसे अधिक है। इस मुद्दे पर एनजीटी ने दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव, वन विभाग, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्रालय के संयुक्त सचिवों को तलब किया है। जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस दीपक गुप्ता की बेंच ने दिल्ली सरकार से पूछा- डीजल वाहनों पर प्रतिबंध समझ आता है, लेकिन ऑड-ईवन स्कीम के पीछे क्या तुक है? प्रदूषण की वजह से लोग जिंदगी के बेशकीमती साल खो रहे हैं, प्रशासन ने उन्हें मरने के लिए छोड़ दिया। बेंच ने कहा- अब इस मामले को हम देखेंगे। पराली जलाने को तुरंत रोका जाए, सभी राज्य इसे रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएं।

## रविवार को विजिबिलिटी (दृश्यता) काफी कम थी

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को लोधी रोड में प्रदूषण कारण कण पीएम 2.5 का स्तर 703, दिल्ली विश्वविद्यालय में 695 और धीरपुर में 676 रहा। वहीं, एक्यूआई आनंद विहार में 491 और आईटीओ में 434 रिकॉर्ड हुआ, जो प्रदूषण की गंभीर स्थिति है। रविवार को ज्यादातर इलाकों में विजिबिलिटी (दृश्यता) काफी कम थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम और लो विजिबिलिटी के कारण विमान सेवाओं पर असर पड़ा। टर्मिनल-3 से 37 फ्लाइट्स को जयपुर, अमृतसर और लखनऊ डायवर्ट करना पड़ा था।

## दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी, 50 लाख मास्क बांटे गए

दिल्ली-एनसीआर के सभी स्कूल 5 नवंबर तक बंद रहेंगे और सभी तरह के निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लागू है। दिल्ली-एनसीआर में पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित की गई है। सर्दी के मौसम में पटाखे जलाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। दिल्ली में 4 से 15 नवंबर तक ऑड-ईवन लागू किया गया है। निजी और सरकारी स्कूलों में 50 लाख से ज्यादा मास्क बांटे गए। 300 टीमें हालात पर काबू करने के लिए लगातार जुटी हैं।



# सुजानगढ़ विकास परिषद, मुंबई का दीपावली स्नेह सम्मेलन

**मुंबई** में रहने वाले प्रवासी सुजानगढ़ नागरिकों के संगठन सुजानगढ़ विकास परिषद् का दीपावली स्नेह सम्मेलन कांदिवली पूर्व स्थित तेरापंथ भवन सभागार में सोल्लास संपन्न हुआ। इस सामाजिक अयोजन के मुख्य प्रायोजक शशि बोकाड़िया थे। इस दीपावली स्नेह सम्मेलन में संगीत संध्या का आयोजन किया जिसमें करीबन 450 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। मनमीत सिंह, प्रज्ञा सोढानी, हर्ष शंकर ने अपनी शानदार प्रस्तुति से पूरे परिसर को आनंद की अनुभूति से सरोबार कर दिया। अभिनेता दिनेश सोनी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नारायण जी करवा, आनंद फतेहपुरिया, राजेन्द्र दाधीच, महेन्द्र भंसाली, हमीद भाटी, धनपत बैद, दीपेश फतेहपुरिया, मंत्री किशन शर्मा व कोषाध्यक्ष आदित्य जैन का विशेष योगदान रहा।

# योग गुरु राधेश्याम के कार्यक्रम में आए मुंबई के सभी दिग्गज नेता गण, कार्यक्रम हुआ सफल






**कार्यक्रम** प्रमुख केंद्र श्री योगा ग्रैंड मास्टर राधेश्याम जयसवार के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रहिमन युवा फाउंडेशन के कार्यक्रम में पधारे श्री आदित्य ठाकरे सचिन भाऊ अहिर सुनील शिंदे अरविंद सावंत मेंबर ऑफ पार्लियामेंट प्रेम पूजा ओबरॉय ओमप्रकाश शेगाल, विधानसभा अध्यक्ष वर्ली दीपक पाटिल सुमन त्रिपाठी योगा टीचर अर्चना जयसवार योग गुरु संजय सिंह योगा गुरु सुयोद शेट्टी योगा टीचर नीलेश यादव योगा टीचर अमित जयसवार योगा टीचर हरिशंकर जायसवार, सविता गुप्ता संदीप गुप्ता अनुराधा 4 दिन से कार्यक्रम चल रहा उसके अंदर कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा द ह्यूमन योगा फाउंडेशन के माध्यम से सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन पर योग और निबंध लेखन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी लोगों को सर्टिफिकेट भी दिया गया नेहरू युवा खेल खेल मंत्रालय भारत सरकार का और नेशनल क्लब ऑफ इंडिया में कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल का बहुत ही अच्छे सेविका कार्यक्रम के प्रमुख चीफ गेस्ट श्री मंगल प्रभात लोढ़ा श्री धर्मपत्नी मंजू लोड़ा और हमारे सैकड़ों विद्यार्थी ने अपना योगदान नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को बखूबी से निभाया गया कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए श्री दीपक पाटिल सुमन त्रिपाठी सलाखा मैडम श्री अर्चना जयसवर योग टीचर, और संजय सिंह सुयोद शेट्टी नीलेश यादव जिला जयसवार, जवाहर जयसवार मनोज जयसवाल संतोष जयसवाल और मोहन जयसवाल जैसे कार्यकर्ता द ह्यूमन योगा फाउंडेशन की पूरी टीम में अपना विशेष प्रकार से योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योग गुरु राधेश्याम जी के सारे योग टीचर सारे अतिथि गण और सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ जय भीम जय हिंद जय महाराष्ट्र।

# आम आदमी महंगाई से त्रस्त है

**देश** को एक बार फिर महंगाई ने घेर रखा है। सबसे पहले प्याज की कीमतें गृहणियों के आंसू निकालनें लगा है। त्योहारों के मौसम में प्याज की कीमतें मुंबई में 80 रुपये प्रति किलो तक जा पहुंची है। त्योहारी सीजन चल रहा है ऐसे में आम आदमी के किचन से प्याज गायब हो गया है। केवल प्याज ही नहीं अन्य सब्जियों के भाव भी आसमान को छू रहे हैं। जो भाव चल रहे है उनकों सुन कर तो ग्राहक के मुहँ से चीत्कार निकल जाती है। पालक की एक गड्डी 50 रुपए, शतावरी 20 रुपए की 1 जो 10 रुपए की 6 मिलती थी। भिन्डी -फूल गोबी- फरसी-शिमला मिर्च -गवार-गाजर 100 रुपए, मटर 160 रुपए, टमाटर-ककड़ी 60 रुपए, अदरख 200 रुपये व लहसून 300 रुपए का भाव है। दूसरी सब्जियों के भी यही हाल है। बहुत हिम्मत करने के बाद भी लोग एक पाव अधिक सब्जी नहीं खरीद पा रहे हैं। इसके भावों में हो रहे इजाफे से हर घर परेशान है। तुर्रा यह कि गैस सिलेंडर 77 बढ़कर 651 रुपए हो गया है। लोगों का न सिर्फ बजट गड़बड़ा गया है बल्कि सब्जी व प्याज का लोग सोच समझ कर ही उपयोग कर रहे है। होटलों से तो प्याज पहले ही गायब हो चुका है ।केंद्र की यूपीए-सरकार के इस दूसरे कार्यकाल को एक तरफ महँगाई का तो दूसरी तरफ भ्रष्टाचार का ग्रहण लगा हुआ है, मगर उससे उबरने का कोई बड़ा प्रयास दिखाई नहीं दे रहा है। महंगाई का असर सबसे ज्यादा गरीब तबकों पर पड़ता है।


अशोक भाटिया

सोचिए कि मात्र 20 रुपए प्रतिदिन की आय पर गुजारा करने वाले देश के 83 करोड़ लोग अपना पेट कैसे भरते होंगे। जाहिर है कि इन तमाम लोगों को शायद एक टाइम तो भूखा ही रहना पड़ता होगा। मुंबई में साधारण-सी दुकानों में भी चाय का एक कप दस रुपए से कम पर नहीं मिलता। किसी भी दाल की कीमत 100 रुपए प्रति किलो से कम नहीं है। ऐसे में 20 रुपए रोज कमाने वाला आदमी सिवाय रोटी या चावल के और क्या खा सकता है? दूध, दही, पनीर, अंडे, मछली और मीट के दामों ने मध्यवर्ग के लोगों की जिंदगी भी कठिन बना दी है।सरकार चाहे तो कीमतों पर नियंत्रण कर सकती है, मगर इसके लिए उसे कड़े कदम उठाने पड़ेंगे। हमारे यहां भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होने और परिवहन व्यवस्था भी ठीक न होने के कारण सब्जियाँ, फल, दूध वगैरह ही नहीं सड़ता, बल्कि अनाज तक सड़ जाता है, जो एक अक्षम्य अपराध है। फिर वायदा कारोबार, आयात-निर्यात में दिशाहीनता, जमाखोरी और कालाबाजारी की समस्याएँ भी अपनी जगह हैं। सरकार यहाँ हस्तक्षेप कर सकती है, मगर उसे गरीब की सब्जी-रोटी की चिंता हो तो ही तो वह हस्तक्षेप करेगी? वह गरीब आदमी के धैर्य की परीक्षा ले रही लगती है।

# चीन में अंग प्रत्यारोपण अपराधों को उजागर करने पर 'डाफोह' को मदर टेरेसा मेमोरियल अवार्ड

**'डाफोह'** (डॉक्टर्स अगेंस्ट फोर्स्ड ऑर्गन हार्वेस्टिंग) के संस्थापक डॉ टॉर्स्टन ट्रे को 3 नवंबर 2019 को हार्मनी फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित मदर टेरेसा मेमोरियल अवार्ड प्रदान किया गया। डाफोह को चीन मे हो रहे अनैतिक अंग प्रत्यारोपण को उजागर करने पर 2016 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। मदर टेरेसा अवार्ड का इस वर्ष का विषय था 'गुलामी का मुकाबला'। डॉ ट्रे ने अपने शुरूआती संबोधन में कहा, 'यह पुरस्कार मदर टेरेसा के जीवन और विरासत का जीवंत स्मरण है। यदि गुलामी को वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए मानव के शोषण के रूप में परिभाषित किया जाता है, तो चीन में जीवित फालुन गोंग अभ्यासियों से जबरन अंग निकाले जाने का अपराध, गुलामी का सर्वोच्च रूप है - यह मानव शरीर का सबसे बड़ा शोषण है'। हमारा काम कैसे शुरू हुआ? - 2006 में जब मैंने पहली बार सुना कि चीन में फालुन गोंग अभ्यासियों को प्रत्यारोपण के लिए जबरन उनके अंगों को निकाल कर मार दिया जाता है, तो मै सिहर गया। फालुन गोंग क्यों? फालुन गोंग के अभ्यासी शांतिपूर्ण होते हैं, वे ध्यान अभ्यास करते हैं, और वे सत्य, करुणा और सहिष्णुता के सिद्धांतों का पालन करते हैं। ये आध्यात्मिक सिद्धांत हैं और फालुन गोंग का अभ्यास करने वाले अच्छे लोग हैं। इसलिए जब मैंने जबरन अंग निकालने के बारे में सुना, तो मेरी पहली प्रतिक्रिया इस प्रत्यारोपण दुरुपयोग को रोकने की थी। लेकिन मुझे डर





भी लगाः एक व्यक्ति क्या कर सकता है, एक डॉक्टर की आवाज इस दुरुपयोग को कैसे रोक सकती है? इस तरह मुझे एहसास हुआ कि अपनी आवाज को बढ़ाने के लिए एक संगठन की आवश्यकता होगी, और इसके परिणामस्वरूप डाफोह की स्थापना हुई। पिछले 13 वर्षों में कई डॉक्टर शामिल हुए, कई चीजें हुईं। डाफोह का मार्ग दिखाता हैः प्रत्येक अकेले व्यक्ति की आवाज मायने रखती है और दुनिया को बदल सकती है।



फालुन गोंग की शुरूआत चीन में 1992 में श्री ली होंगजी द्वारा की गयी। इसकी शांतिप्रिय प्रकृति के बावजूद फालुन गोंग का बढ़ता जनाधार चीनी कम्युनिस्ट शासकों को खलने लगा और 1999 में चीन में इस पर पाबंदी लगा दी। आज फालुन गोंग (या फालुन दाफा) भारत सहित विश्व के 114 से अधिक देशों में लोकप्रिय है जबकि चीन में इसका बर्बर दमन किया जा रहा है। फालुन दाफा पर अधिक जानकारी के लिए देखेंः

www.falundafa.org,
www.faluninfo.net

डॉ ट्रे ने हाल ही में मनाई गई दिवाली के साथ एक समानांतर चित्रण करते हुए कहा, दीवाली, रोशनी और अंधकार पर प्रकाश की विजय का त्योहार है। एक मोमबत्ती अंधेरे कमरे में प्रकाश ला सकती है। हमारा उद्देश्य उस मोमबत्ती की तरह है, और हम मानवता के खिलाफ इन अपराधों को प्रकाश में लाना चाहते हैं... लोगों को जबरन अंग निकाले जाने के अपराध के बारे में सूचित करना। इसके लिए और अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए हमें और भी अधिक प्रकाश की आवश्यकता है। बाद में संपन्न प्रश्नोत्तर सत्र में, चीन में अंग तस्करी के मुद्दे पर एक युवा छात्र ने पूछा कि वह क्या मदद कर सकती है। डॉ. ट्रे ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कहा, आप एक साधारण पोस्टकार्ड लें जिसे आप अपने शहर में खरीद सकते हैं और इस संदेश के साथ चीन के राष्ट्रपति को भेज सकते हैंः 'फालुन गोंग अच्छा है। फालुन गोंग अभ्यासियों से जबरन अंग निकाले जाने का अपराध बंद करो।' 'डाफोह' को मानवता के खिलाफ इस जघन्य अपराध के बारे में जागरूकता पैदा करने मदर टेरेसा मेमोरियल अवार्ड प्रदान किया जाना उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य का एक प्रमाण है, और उम्मीद है कि जल्द ही चीन में इस शोषण का अंत होगा।

# गायक कलाकार अम्बिली मेनन का नया गीत 'मेरी गलती' में नजर आये हसनैन और अशनूर कौर

मेरी गलती यहा गीत दिल को छूने वाले गीतों मैं से एक है। यह गीत अम्बिली मेनन द्वारा गाया गया है और साथ ही रामजी गुलाटी द्वारा निर्देशित किया गया है, टिकटोक स्टार हसनैन और टेलीविजन स्टार अशनूर कौर द्वारा प्रदर्शन किया गया है।





**क्यूकी** की कलाकार, 'मेरी गलती' में अम्बिली मेनन की आवाज दिलों को छू जाने वाली है और आपका दिल दहलाने देने वाली भावनात्मक सवारी पर ले जाएगी। आज की तेजी से भागती दुनिया में जहा संगीत की धूम चारो तरफ मची हुई है, वही 'मेरी गलती' इस बात का प्रमाण देती है कि अच्छे गीत दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना लेते है। टीजर देखने के बाद इस संगीत को देखने के लिए सभी काफी उत्साहित हे, इस गाने को बहुत उत्साह के साथ लॉन्च किया गया है। जाने-माने गायक और निर्देशक रामजी गुलाटी, यह गीत निश्चित रूप से लोगों के दिलों के तार छू लेने वाला है। अशनूर कौर के टूटे हुए दिल को दर्शाते हुए गाने की शुरूवात होती है, जब वह हसनैन से मिलती है। 'मेरी गलती' यह एक ऐसा गीत है जिस में दिल टूटने के बाद, जीवन का एक विलाप दर्शाया गया है। यह पीड़ा उन दुखभरे पलों के बारे में है, जिसे प्यार के कारण कठोर दर्द को सहना पड़ता है। टेलीविजन स्टार अशनूर कौर और टिक टोक के स्टार हसनैन का कहना है हम गीत को लेकर बहुत उत्साहित हैं। मेरी गलती यह एक धीमा गीत है और साथ ही इस गीत मैं शक्तिशाली राग भी मौजूद है। इस गीत के लिए शानदार प्रतिभाशाली अम्बिली के साथ सहयोग करना अद्भुत था। आशा है कि हमारे प्रशंसक इस गीत को अपने प्यार के साथ हमेशा की तरह अपने स्नेह भी बरसायेंगे।

# जेएसडब्लू एनर्जी लिमिटेड ने 353 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा

**जेसडब्ल्यू** एनर्जी लिमिटेड ने 30 सितम्बर 2019 को समाप्त हुए वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के आर्थिक परिणामों की घोषणा की। कंपनी के जारी किये गए आंकड़ों के मुताबिक कंपनी ने चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में 353 करोड़ का लाभ कमाया, यही लाभ पिछले वर्ष की तिमाही में 316 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया था। कुलमिलाकर इस वर्ष का लाभ 23 करोड़ रुपए का था जबकि पिछली तिमाही में यह राशि 651 करोड़ रुपए की थी। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्तीय परिणाम घोषणा करते हुए प्रशांत जैन, जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा। इस तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट लिए हुए था और पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 13 प्रतिशत की गिरावट आयी जो 2568 करोड़ रुपए से घटकर 2232 करोड़ रुपए हो गयी। यह गिरावट ईंधन के मूल्यों में आयी गिरावट के कारण हुयी। इस तिमाही में ईंधन की कीमत पिछले वर्ष की तिमाही की तुलना में 26 प्रतिशत होकर 983 करोड़ रुपए हो गयी जो आयातित कोयले की कीमतों में आयी कमी के कारण हुयी। इस तिमाही में कंपनी का 'ईबीआईटीडीए' में वृद्धि हुई जो बढ़कर 1048 करोड़ रुपए हो गयी। पिछले वर्ष यह राशि 998 करोड़ रुपए की थी। इसके साथ ही का आर्थिक मूल्य इस तिमाही में घटकर पिछले वर्ष के 308 करोड़ रुपए से घटकर 272 करोड़ रुपए हो गया। इस गिरावट का कारण कर्ज वापसी/समयावधि पूर्व कर्ज की वापसी रही है। कंपनी का वित्तीय मूल्य और कुल कर्ज 30, सितम्बर 2019 को समाप्त हुए तिमाही में क्रमशः 11756 करोड़ रुपए और 9702 करोड़ रुपए था। कंपनी ने इस तिमाही में जीएमआर कामालंगा एनर्जी लिमिटेड के अधिग्रहण के सम्बन्ध में बातचीत की शुरू की है। जीएमआर का ओडिशा में 1050 मेगावाट का सौर बिजली का संयंत्र कार्यरत है। कम्पनी ने स्वयं कर्ज को समय पर चुकाकर और समयावधि के पूर्व वापसी कर अपने राजस्व को अधिक मजबूत किया है। इस माध्यम से विकास की पूरे आसार नजर आ रहे हैं।

# डीएचएफएल से बीजेपी ने लिया 20 करोड़ का चंदा: अखिलेश

**लखनऊ।** एसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार में डूबी सत्ता नए-नए बहानों से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश करती रहती है। अब द्वेष की राजनीति के चलते झूठे आरोप लगा रही है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने डीएचएफएल से करीब 20 करोड़ रुपये का चंदा लिया है। ऐसे में ऊर्जा मंत्री बताएं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है?

रविवार को जारी बयान में अखिलेश ने कहा कि सरकार को यह बताना होगा कि बिजली कर्मचारियों के हक का पैसा डिफॉल्टर कंपनी



में लगाने की मेहरबानी के पीछे क्या रहस्य है? सवाल यह भी है कि इतना बड़ा घोटाला ढाई साल तक पर्दे में क्यों रहने दिया गया और अब भी लगता नहीं कि सरकार अपने घोटाले की जांच होने देगी। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि जब मामला सीबीआई को देने की बात है तो आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा को जांच क्यों दी जा रही है?

अखिलेश ने कहा कि बीजेपी बौखलाहट में जैसी भाषा बोल रही है वह हास्यास्पद और संवैधानिक मयार्दा के विपरीत है। एसपी के कार्यकाल में विकास कार्यों की एक-एक ईंट उखाड़कर गड़बड़ी खोजने वाले भाजपाई शूरवीर ढाई साल तक तो कुछ खोज नहीं पाए और अब अपनी कालिख वाली छवि बचाने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछालने की नाकाम कोशिश करने में लग गए हैं।

## ऑड-ईवनः साइकल से दफ्तर पहुंचे मनीष सिसोदिया, कार पूल करेंगे अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में ऑड-ईवन लागू होने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल कार पूल करके दफ्तर गए। वहीं डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया साइकल पर ऑफिस जाते दिखे। दोनों ने दिल्लीवासियों से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को भी कहा।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल कार पूल करके अपने दफ्तर जाएंगे। उनके साथ मंत्री गोपाल राय और सतेंद्र जैन कार में होंगे। केजरीवाल ने सुबह लोगों से ऑड-ईवन का पालन करने की अपील भी की थी। उन्होंने लिखा था, नमस्ते दिल्ली! प्रदूषण कम करने के लिए आज से ऑड एवेन्न शुरू हो रहा है। अपने लिए, अपने बच्चों की सेहत के लिए और अपने परिवार की सांसों के लिए ऑड एवेन्न का जरूर पालन करें। कार शेयर करें। इस से दोस्ती बढ़ेगी, रिश्ते बनेंगे, पेट्रोल बचेगा और प्रदूषण भी कम होगा।

डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया ऑड-ईवन के पहले दिन साइकल से दफ्तर के लिए निकले। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए सिसोदिया ने कहा था, पराली जलने से काफी प्रदूषण हो रहा है। फिलहाल हम कुछ नहीं कर सकते। लेकिन अगले 10 दिन तक इस स्कीम का पालन जरूर कर सकते हैं। यह सबके फायदे के लिए है। प्रदूषण की मार झेल रही दिल्ली में आज से ऑड-ईवन शुरू हो गया है। दिल्ली में तीसरी बार लागू हो रहे ऑड-ईवन में पिछली बार के मुकाबले कुछ बदलाव किए गए हैं। इसमें सीएनजी वाहनों को छूट न देना, फाइन डबल करना आदि शामिल हैं। इस बार 4 हजार रुपये जुमार्ना है। गाड़ियों को लेकर जारी रोक सुबह 8 से रात 8 बजे तक लागू रहेगी। रविवार को ऑड- ईवन नहीं होगा। ऑड-ईवन स्कीम में दिल्ली सरकार के मंत्रियों को छूट नहीं दी गई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अधिकतम लोगों से इस मुहिम में समर्थन देने की अपील की है। रविवार को ऐप बेस्ड कंपनियों ने भी अधिक किराया नहीं वसूल करने का ऐलान किया था। दिल्ली और एनसीआर इस वक्त प्रदूषण से त्रस्त है। दिल्ली सरकार का दावा है कि ऑड-ईवन स्कीम से प्रदूषण पर काफी नियंत्रण किया जा सकेगा।

## अलग-अलग हादसों में 18 बच्चों सहित 30 लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के विभिन्न इलाकों में रविवार को संपन्न छठ पूजा के दौरान दीवार गिरने, भगदड़ मचने और डूबने की अलग- अलग घटनाओं में 18 बच्चों सहित 30 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार और रविवार को दो महिलाओं की मौत दीवार गिरने से, दो बच्चों की मौत भगदड़ में और 16 बच्चों सहित 26 लोगों की मौत विभिन्न जिलों में डूबने से हो गई। पुलिस ने बताया कि समस्तीपुर जिले के बड़गांव में रविवार सुबह काली मंदिर की दीवार गिरने से छठ पूजा देख रहीं दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा चार लोग घायल हुए हैं। हसनपुर के थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि हादसा सुबह लगभग साढ़े छह बजे उस समय हुआ जब श्रद्धालु सुबह का अर्घ्य देकर लौटने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे से अफरातफरी मच गई और बाद में मलबे से दो मृतकों सहित करीब छह महिलाओं को निकाला गया।एक अन्य घटना में औरंगाबाद के देव ब्लॉक स्थित सूर्यकुंड के पास शनिवार शाम को छठ पर्व के दौरान मची भगदौड़ की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गई। औरंगाबाद के जिलाधिकारी राहुल रंजन माहीवाल ने बताया कि मृतक बच्चों की पहचान पटना निवासी सात वर्षीय बेबी और भोजपुर निवासी चार वर्षीय प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।आधिकारिक सूत्रों ने स्वीकार किया कि स्थानीय प्रशासन की उम्मीदों से कहीं अधिक लोग देव स्थित सूर्य मंदिर छठ पूजा के लिए पहुंच गए जिसकी वजह से भगदड़ की स्थिति पैदा हुई। डूबने की घटनाओं में समस्तीपुर के खजुरी गांव में 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई।

## फिर भारत की ओर मुड़ा तूफान 'महा', गुजरात के तट पर भारी बारिश और तबाही की आशंका

**अहमदाबाद।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुमान के मुताबिक, चक्रवात 'महा' फिर से लौट सकता है। साथ ही यह भी आशंका जताई गई है कि गुजरात की तरफ लौट रहा यह चक्रवात बहुत खतरनाक तूफान का रूप ले सकता है। जानकारी के मुताबिक, चक्रवात के दोबारा लौटने से बेहद तेज हवाओं के साथ-साथ भारी बारिश भी हो सकती है।

गुजरात के इस इलाके मे अबतक 125% बारिश हो चुकी है, ओर तूफानी बारिश तबाही तो मचाएकी लेकिन खेत मे तैयार मूँगफली को खत्म कर देगी।

आईएमडी की ओर से बताया गया है कि यह तूफान गुजरात तट पर 5 नवंबर को पहुंचेगा। इसका सबसे ज्यादा असर द्वारका और दीव के बीच स्थित तट पर पड़ेगा,



जहां 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की तेजी से हवाएं चलेंगी। तेज हवाओं के साथ-साथ ही तटीय इलाकों में भारी बारिश की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि चक्रवात 'महा' अरब सागर के पूर्व-मध्य हिस्से से पश्चिम की ओर बढ़ गया है। रविवार दोपहर 2:30 बजे यह गुजरात के तट से 590 किलोमीटर की दूरी तर पहुंच गया है। गुजरात के तट की ओर बढ़ रहे इस तूफान की तीव्रता भी पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है और इसके और विध्वंसकारी रूप लेने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, तटीय इलाकों के साथ-साथ गुजरात के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी भारी बारिश हो सकती है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस संभावित बेमौसम बारिश से किसानों की फसल को तगड़ा नुकसान हो सकता है।

## पुलिस पर ससुराल वालों ने पिस्तौल तानी

**नोएडा।** वालों ने पिस्तौल तान दी। नगर पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ पांडे ने सोमवार को बताया कि निठारी गांव में रहने वाली आरती देवी ने सुबह पुलिस को सूचना दी कि उसके ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं।

सीओ ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और दीपक अवाना को हिरासत में ले कर उसे थाने ले जाने लगी। उन्होंने बताया कि स्पाइस मॉल के पास प्रदीप अवाना और अन्य लोग हथियार ले कर कार से वहां पहुंचे और पुलिस वैन को घेर लिया।

पांडे ने बताया कि जब पुलिस ने इन्हें रास्ते से हटने के लिए कहा तो उन्होंने पुलिस वालों पर पिस्तौल तान दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने प्रदीप अवाना तथा दीपक अवाना को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाइसेंसी रिवाल्वर, कारतूस, घटना में प्रयुक्त टोयोटा कार और 14 हजार रुपए नगद बरामद किये।

## पीएफ घोटालाः ट्रस्ट का ऑफिस सील, जेल भेजे गए आरोपी

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) के 2268 करोड़ रुपये के घोटाले में आरोपी तत्कालीन निदेशक वित्त और ट्रस्टी सुधांशु द्विवेदी और ट्रस्ट के सचिव प्रवीण गुप्ता को रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। शक्ति भवन स्थित यूपी स्टेट पावर सेक्टर एंप्लॉयीज ट्रस्ट के ऑफिस को भी सील कर दिया गया है।

आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के डीजी आरपी सिंह ने सीएम योगी के आदेश के बाद शनिवार रात से ही मामले में जांच शुरू कर दी। उन्होंने रात दो बजे तक सुधांशु द्विवेदी से पूछताछ की। आगरा से गिरफ्तार कर लाए गए प्रवीण गुप्ता से भी गहन पूछताछ



की गई। दोनों आरोपितों से सवाल किया गया कि आखिर किसके दबाव में दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (डीएचएफएल) में कर्मचारियों के पीपीएफ और जीपीएफ के निवेश का फैसला किया गया? अगर निजी फाइनैंस कंपनी और बैंकों में निवेश का फैसला हुआ था तो डीएचएफएल को ही क्यों चुना गया? क्या इसके लिए टेंडर हुआ था या सीधे ही डीएचएफएल में निवेश का फैसला ले लिया गया? इस पर आरोपियों ने जवाब दिया कि यूपी स्टेट पावर सेक्टर एंप्लॉयीज ट्रस्ट के बोर्ड ने डीएचएफएल में निवेश का फैसला लिया था। हालांकि, एफआईआर में दोनों पर आरोप है कि उन्होंने बिना बोर्ड के संज्ञान में लाए डीएचएफएल में रकम निवेश करवा दी। पूछताछ में सुंधांशु ने यह कबूला है कि डीएचएफएल में निवेश से जुड़ी फाइल उसके कार्यकाल में ही अप्रूव हुई थी, लेकिन इसके पीछे उसकी कोई गलत मंशा नहीं थी।

इससे पहले हजरतगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों को विशेष रिमांड कोर्ट के सामने पेश किया। ईओडब्ल्यू ने भी जांच शुरू करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी। सोमवार को ईओडब्ल्यू दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेने की अर्जी देगी। साथ ही शक्ति भवन में ट्रस्ट के दफ्तर की भी जांच की जाएगी। घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी जल्द केस दर्ज कर सकता है। रविवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने भी इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वह ईडी के संपर्क में हैं। दरअसल, ईडी ने 19 अक्टूबर को डीएचएफएल के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

दाऊद के करीबी इकबाल मिर्ची की रियल एस्टेट फर्म और डीएचएफएल के बीच गहरे कनेक्शन थे।

# उनके साथ एक बार जरूर जाएं, प्रेमियों के लिए स्वर्ग कहे जाने वाले 'डोना पाउला बीच' पर

अगर आप भी अपने लाइफ पार्टनर या फिर अपने प्यार के साथ किसी रोमांटिक टूर की प्लान बना रहे हैं तो 'डोना पाउला बीच' आपके लिए बेस्ट प्लेस है। इस जगह को 'प्रेमियों का स्वर्ग' कहा जाता है। यह जगह गोवा की राजधानी पणजी से महज 7 किलोमीटर की दूरी पर है। इस जगह का नाम भारतीय वायसराय की बेटी 'डोना पाउला डी मेनजेस' के नाम पर रखा गया है। तो आइए जानते हैं कुछ और खास बातें इस रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में...

**अपने प्यार की खातिर दे दी थी जान**

भारतीय वायसराय की बेटी डोना पाउला डी मेनजेस एक युवक से बेइंतहा मोहब्बत करती थीं। लेकिन उनकी शादी उससे न हो पाने के तकलीफ में उन्होंने जान दे दी थी। इसीलिए इस बीच का नाम उनके नाम पर रखा गया।

**गांववासियों से भी था अनुपम स्नेह**

स्थानीय निवासी बताते हैं कि डोना को गांव के लोगों पर और वन्यजीवों पर भी अनुपम स्नेह था। वह सभी की जरूरतों और मदद का ख्याल रखती थीं। उनकी मौत के बाद गांव के लोगों ने भी बीच का नाम उनके नाम पर रखे जाने की सहमति जाहिर की थी।

**यहां होता है संगम**

डोना पाउला बीच पर गोवा की दो प्रसिद्ध नदियों और अरब सागर का अद्भुत संगम होता है। इसके अलावा यहां पर तमाम सारे वॉटर स्पोर्ट्स का भी आयोजन किया जाता है। साथ ही यहां पर लोकल क्राफ्ट का अच्छा खासा बाजार है। जहां पर हैंडमेड शानदार वस्तुएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।




**नवंबर यहां है बेहद खास**

डोना पाउला बीच पर नवंबर का महीना बेहद खास होता है। इस दौरान यहां पर कई सारे वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन होता है। यही वजह है कि यहां घूमने के लिए नवंबर से लेकर मार्च महीने तक का समय बेहद मुफीद माना जाता है। इस दौरान यहां का मौसम हल्का गर्म और हल्का सर्दी वाला होता है। जो हवा में रूमानियत को और भी बढ़ा देता है।

**ऐसे पहुंचे डोना पाउला**

अगर आप ट्रेन से डोना पाउला बीच पहुंचना चाहते हैं तो सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन वास्को डी गामा है। बीच से इसकी दूरी 28 किलोमीटर हे। इसके बाद आप स्थानीय साधनों का सहारा ले सकते हैं। वहीं बस से जा रहे हैं तो गोवा की राजधानी पणजी बस स्टैंड से आप स्थानीय साधन ले सकते हैं। वहीं फ्लाइट से जा रहे हैं तो गोवा एयरपोर्ट बीच से सबसे नजदीक है। यहां से आपको स्थानीय साधन आसानी से मिल जाएंगे।



## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसगंति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

# इन मंदिरों में जानें से डरते हैं लोग, जानिए क्या है राज?

भारत में कई ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जिनकी महता के साथ ही उनके साथ जुड़ी हैं तमाम रहस्यमयी कड़ियां। इन्हें सुलझाने के लिए कई बार प्रयास किए गये लेकिन जब शोधकताओं को कुछ हाथ नहीं लगा तो सभी ने हाथ खींच लिए। इसके बाद बाकी बची तो मंदिर के रहस्य की उलझी हुई कहानियां... अगर आप भी ऐसे ही किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करना चाहते हैं तो इन मंदिरों को अपनी 'प्लेस टू विजिट' लिस्ट में डाल सकते हैं। हां ख्याल इस बात का रखना है कि इन मंदिरों में रात में रुकने की मनाही है।

पांच मंदिरों की एक निहायत ही खूबसूरत श्रृंखला है बाड़मेर में। इसे किराडू मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर के रहस्यमयी होने के साथ ही एक और बात काफी प्रसद्धि है और वह है इस मंदिर की खूबसूरत नक्काशी। यह इतनी शानदार है कि



इसे 'राजस्थान का खजुराहो' भी कहा जाता है। लेकिन इस मंदिर में अगर कोई भी शाम के बाद रुका तो कभी लौटकर नहीं आया। कहा जाता है कि किराडू पर एक साधू का श्राप है। स्थानीय लोगों के अनुसार एक बार एक साधु अपने शिष्यों के साथ इस शहर में आए। कुछ दिन रहने के बाद साधु देश भ्रमण पर निकले। इसी दौरान अचानक ही उनके शिष्य बीमार पड़ गए, लेकिन गांव के लोगों ने उनकी देखभाल नहीं की। लेकिन उसी गांव में एक कुम्हारिन थी। जिसने उन शिष्यों की देखभाल की थी। ऐसे में जब साधु वापस पहुंचे और अपने शिष्यों को इस हालत में देखा तो उन्हें काफी दुःख हुआ और उन्होंने वहां के लोगों को श्राप दिया कि जहां मानवता नहीं है वहां लोगों को भी नहीं रहना चाहिए।

# टी-20 में बांग्लादेश ने पहली बार टीम इंडिया दिया हार का जख्म




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 इंटरनेशनल मैच में मेजबान टीम इंडिया को 7 विकेट से मात देकर चौंका दिया। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल मैचों में यह भारत की पहली हार है। इससे पहले बांग्लादेश खेल के इस फॉर्मेट में भारत को हराने में कामयाब नहीं रहा था, लेकिन रविवार को आखिरकार उसने टीम इंडिया को मात देकर जीत का स्वाद चखा। दोनों टीमों को दूसरा टी-20 मैच 7 नवंबर को राजकोट में खेलना है।

भारत को इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में 1-1 के ड्रॉ नतीजे से संतोष करना पड़ा था, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ भी टीम इंडिया का प्रदर्शन नहीं सुधरा। बांग्लादेश ने भारत को पहले टी-20 मैच में हराकर यह साबित कर दिया कि इस बार उनकी टीम के इरादे क्या हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल 9 टी-20 इंटरनेशनल मैच हुए हैं, जिसमें से भारत को 8 मैचों में जीत मिली है। वहीं बांग्लादेश ने सिर्फ एक मैच जीता है। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच नॉटिंघम में 2009 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान खेला गया था, जिसमें भारत ने 25 रनों से जीत दर्ज की थी।

दिल्ली टी-20 मैच से पहले दोनों देशों के बीच आखिरी बार जो टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला गया था, वो निदहास ट्रॉफी का फाइनल था, जिसमें दिनेश कार्तिक ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाते हुए टीम इंडिया को यादगार जीत दिलाई थी। बांग्लादेश ने उस हार के बाद वापसी करते हुए टीम इंडिया को हरा दिया। दिल्ली टी-20 मैच से पहले भारत की धरती पर दोनों टीमें 2016 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान आमने-सामने थीं। यह मैच भारत ने धोनी के आखिरी गेंद पर किए गए शानदार रनआउट की बदौलत जीता था, जिससे भारत की 2016 टी-20 वर्ल्ड कप में उम्मीदें बची रहीं। बांग्लादेश के खिलाफ यह सीरीज टीम इंडिया के लिए अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिहाज से बहुत अहम मानी जा रही है। यह टूर्नामेंट अक्टूबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। टी-20 इंटरनेशनल में भारत टीम ने अब तक कुल 121 मैच खेले हैं, जिसमें 74 मैचों में जीत और 43 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, तो वहीं 1 मैच टाई रहा है। इसके अलावा 3 मैच में कोई परिणाम नहीं निकला है।

# महिला वनडेः पूनम राउत के बल्ले ने दिलाई भारत को जोरदार जीत




**नार्थ साउंड (एंटीगा)।** पूनम राउत के बेहतरीन अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को 53 रनों से हरा दिया। सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गए दूसरे मैच को जीतकर भारत ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। सीरीज का तीसरा वनडे मुकाबला 6 नवंबर को खेला जाएगा।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूनम के 77 रनों की मदद से 50 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए। मेजबान टीम 47.2 ओवरों में 138 रनों पर सिमट गई। पूनम ने यह पारी तब खेली, जब भारत ने 17 रनों पर ही अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज जेमिमाह रोड्रिग्स (0) और प्रिया पूनिया (5) के विकेट खो दिए।

इसके बाद पूनम और मिताली राज (40) ने टीम को संभाला। बाद में हरमनप्रीत कौर ने 46 रनों का अहम योगदान दिया। इन तीनों के अलावा भारत की कोई और बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को छू नहीं सकी। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद कम स्कोर का अच्छी तरह बचाव किया। वेस्टइंडीज के लिए शेमाइन कैम्पवेल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए।

कप्तान साराह टेलर ने भी 20 रनों का योगदान दिया। भारत के लिए राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट चटकाए।

झूलन गोस्वामी और शिखा पांडे के हिस्से एक-एक विकेट आया। नताशा मैक्लीन रिटायर्ड हर्ट हुईं, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुई।

# सबसे तेज 200 छक्के- अफरीदी को पछाड़कर फिंच नंबर 1



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरॉन फिंच ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एक नई उपलब्धि अपने नाम कर ली। कंगारू टीम यहां पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैचों की सीरीज का पहला मैच खेल रही थी। यह मैच भले बारिश की भेंट चढ़ गया लेकिन रद्द होने से पहले मैच में 2 छक्के जड़ने वाले फिंच ने इसे अपने लिए यादगार बना लिया। अब फिंच इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे तेज 200 छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी हैं। फिंच ने यहां अपने करियर की 181वीं इंटरनैशनल पारी में यह रेकॉर्ड अपने नाम किया। उनसे पहले यह रेकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी के नाम दर्ज था, जिन्होंने 214वीं इंटरनैशनल पारी में 200वां छक्का जड़ा था। इंटरनैशनल क्रिकेट में 200 या इससे अधिक छक्के जड़ने वाले फिंच दुनिया के 24वें क्रिकेटर बने हैं।

बारिश से बाधित इस मैच में कंगारू टीम 15 ओवर में 108 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। लेकिन बारिश के चलते यह मैच रद्द हो गया। हालांकि तब तक फिंच अपने इंटरनैशनल करियर का 200वां छक्का जड़ चुके थे। इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे तेज 200 छक्के जड़ने के मामले भले फिंच अब सबसे आगे हैं लेकिन क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने की बात करें तो यहां वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी क्रिस गेल का नाम टॉप पर कायम है। 462 (टेस्ट, वनडे और टी20) इंटरनैशनल मैच खेलने वाले गेल के नाम 530 पारियों में सर्वाधिक 534 छक्के हैं। गेल के बाद इस फेहरिस्त में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान के अफरीदी का नाम है। उन्होंने 524 मैचों में खेलीं 508 पारियों में 476 छक्के अपने नाम किए हैं। इस कड़ी में तीसरे स्थान पर न्यू जीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम का नाम है, जिन्होंने 398 छक्के (432 मैच, 474 पारियां) अपने नाम किए। मैककुलम के बाद चौथे स्थान पर टीम इंडिया के उपकप्तान रोहित शर्मा का नाम है। रोहित 347 मैचों की 353 पारियों में अब तक 392 सिक्स अपने नाम कर चुके हैं।

# ओलिंपिक का टिकट कटाने के बाद बोलीं रानी रामपाल- तोक्यो के लिए करेंगे कड़ी मेहनत




**भुवनेश्वर।** जापान में अगले साल होने वाले तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइकरने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी रानी रामपाल ने कहा है कि उनकी टीम ओलिंपिक की तैयारियों के लिए अब कड़ी मेहनत करेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को 5-1 से हराया था, लेकिन दूसरे चरण में उसे अमेरिका ने 4-1 से हरा दिया, लेकिन एग्रीगेट स्कोर में भारतीय महिला टीम ने 6-5 से जीत दर्ज करते हुए तीसरी बार ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइकिया।

रानी ने रविवार को ट्विटर पर कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देगी। रानी ने ट्विटर पर लिखा, टीम के खिलाड़ियों, कोचों और स्पोर्टिंग स्टाफ के सामूहिक प्रयास से हमने तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ कर लिया है। लेकिन इसकी तैयारियों के लिए अब हम अगले आठ महीनों में कड़ी मेहनत करेंगे। यह तीसरा मौका होगा है जब भारत की महिला टीम खेलों के महाकुंभ में खेलेगी। भारत ने पहली बार मास्को ओलिंपिक-1980 में कदम रखा था जहां वो चौथे स्थान पर रही थी, लेकिन इसके बाद उसे लंबा इंतजार करना पड़ा। हर बार ओलिंपिक की पताका महिला टीम से दूर रही। 2016 में हालांकि भारत ने इसे अपने गले से लगाया। टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और ब्राजीलियाई जमीन पर भारतीय महिलाएं 12वें स्थान पर रही।

कप्तान रानी ने उनकी टीम पर अपना विश्वास जताने के लिए केंद्रीय खेल मंत्री और राष्ट्रीय महासंघों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, हम पर विश्वास करने के लिए हॉकी इंडिया, किरण रिजिजू सर, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), दोस्तों, परिवार और फैन्स का शुक्रिया। भारत एक समय मुकाबले में 5-5 के स्कोर के साथ बराबरी पर था, लेकिन कप्तान रानी ने 49वें मिनट में गोल कर भारत को एग्रीगेट स्कोर में 6-5 से आगे कर दिया और टीम ने तीसरी बार ओलिंपिक का टिकट हासिल कर लिया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

